हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, मंगलवार, 5 अगस्त 2025

11 खंडस्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते मेडल



12 स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की



## खबर संक्षेप

### सवारी बनकर आया शातिर ई-रिक्शा ले भागा

**बहादुरगढ़।** शहर में दिन दहाड़े एक ई-रिक्शा चालक के साथ धोखाधड़ी हो गई। शातिर युवक झांसा देकर उसकी ई-रिक्शा चुरा ले गया। पीड़ित की शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात प्रीतम कॉलोनी के निवासी अशोक के साथ हुई है। अशोक दो अगस्त को ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन के नीचे सवारी का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान एक युवक आया और उससे कहने लगा कि रोहतक-दिल्ली रोड स्थित मॉल से एक इन्वर्टर लेकर आना है। अशोक उस लड़के को लेकर मॉल के बाहर आ गया। फिर लड़का उसे इन्वर्टर लाने के लिए मॉल की पहली मंजिल पर ले गया और फिर बहाना बनाकर बोला कि दुकान की चाबी नीचे रह गई, अभी लेकर आता हूं। इस तरह से अशोक इंतजार करता रहा लेकिन लड़का नहीं आया और उसकी रिक्शा लेकर चंपत हो गया। संदेह होने पर कुछ देर बाद अशोक ने जाकर नीचे देखा तो न तो वह लड़का नजर आया और नहीं उसकी रिक्शा खड़ी थी।स दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस टीम पर हमला करने का आरोपी काबू

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा जानलेवा हमला करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी बेरी सतीश कुमार ने बताया कि विजेंद्र निवासी दूबलधन की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक योमेश कुमार की पुलिस टीम ने हथियार देने वाले एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अमन निवासी कुचराणा जिला जींद के तौर पर की गई है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### पैडी स्ट्रा सप्लाई श्रृंखला के लिए ऑनलाइन आवेदन

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि कृषि तथा किसान कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए फसल अवशेष प्रबंधन घटक के तहत धान अवशेषों के एक्स- सीटू प्रबंधन के लिए विभिन्न क्षमताओं वाली पैडी स्ट्रा सप्लाई श्रृंखला स्थापित करने के लिए पहले आवेदन की अंतिम तिथि सात अगस्त तक बढ़ा दी गई है। इस योजना के तहत बायोमास उद्योग, एग्रीगेटर, सहकारी समिति इत्यादि आवेदन कर सकते है।

### पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अब 31 अगस्त तक

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर खरीफ फसलों के पंजीकरण की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया गया है। अब किसान 31 अगस्त तक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। उन्होंने जिला के किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि जो किसान अपने खेतों में खरीफ फसलों की बुआई कर चुके हैं।

### मकान से लाखों की नकदी व आभूषण चोरी

**बहादुरगढ़।** शहर के धर्मपुरा में स्थित एक मकान में चोरी की वारदात हो गई। यहां से लाखों रुपये की नकदी व भारी मात्रा में आभूषण चुरा लिए गए। वारदात के बाद से मकान में काम करने वाला नौकर गायब है। उस पर ही 70 लाख की चोरी करने का शक है। शिकायत के आधार पर सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी की तलाश के प्रयास शुरू कर दिए है। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके मामा का परिवार घूमने के लिए कहीं बाहर गया था। उनके पीछे से वह मकान संभाल रहा था। मकान में आकाश नाम का नौकर भी रहता था। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गरीब एससी विधवा के बीपीएल कार्ड पर चला सरकारी 'गंडासा'

**विधवा पेंशन के अलावा 3 बेटियों की मां की नहीं कोई आय, मगर पोर्टल पर बढ़ा दी इनकम**

■ परिवार पहचान पत्र अपडेट करने की प्रक्रिया को सरल और जवाबदेह बनाने की जरूरत

रवींद्र राठी ▶▶ बहादुरगढ़

■ सीएससी केंद्र, नगर परिषद, ब्लॉक कार्यालय और अन्य सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रही महिला, नहीं हुई सुनवाई

हरियाणा में एक चीज मशहूर है, 'गंडासा'... इस बार यह गंडासा प्रदेश के बीपीएल परिवारों की गरीबी पर चला है। प्रदेश के अन्य शहरों की भांति झज्जर-बहादुरगढ़ में भी बिना उचित सत्यापन के हजारों राशन कार्ड निरस्त किए गए हैं। अनुसूचित जाति की एक गरीब विधवा भी इस सरकारी धोखाधड़ी की शिकार हुई। पीड़ित विधवा पिछले कई दिनों से सीएससी केंद्र, नगर परिषद, ब्लॉक कार्यालय और अन्य सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रही है। लेकिन तीन बेटियों की मां की कहीं पर कोई भी सुनवाई नहीं हो पा रही है।

जी हां, गरीब और जरूरतमंद परिवार इन दिनों ट्रिपल इंजन से लैस सरकारी सिस्टम की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं। अचानक फैमिली आईडी में इनकम और संसाधन बढ़ने के चलते गरीब बीपीएल परिवारों के राशन कार्ड रद्द हो चुके हैं। विभाग ने कई लाभार्थियों के नाम पर वाहन दर्शाते हुए उनके बीपीएल कार्ड काट दिए हैं। कई लाभार्थियों की आय में अनाप-शनाप वृद्धि कर उन्हें बीपीएल से अमीर बना दिया गया है। हालांकि वास्तविकता में इन परिवारों के पास ना तो कोई वाहन है और ना ही उनकी आय में किसी तरह की कोई वृद्धि हुई है। पूर्व पार्षद वजीर राठी के अनुसार अनेक पात्र लोगों के बीपीएल कार्ड इस तरह निरस्त किए गए हैं। बहुत से गरीब परिवारों के बीपीएल कार्ड कटने से उनका गुजारा करना भी मुश्किल हो गया है। वे अब इसे ठीक करवाने के लिए सरकारी दफ्तरों की ठोकरें खा रहे हैं। फैमिली आईडी से जुड़ी इन गड़बड़ियों की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए।



**बहादुरगढ़।** अपना पीपीपी और बीपीएल कार्ड दिखाती बबली।

### बरसात में घर की छत भी टपक रही

बहादुरगढ़ की डिफेंस कॉलोनी में 70 वर्ग गज के घर में अपनी तीन बेटियों और एक बेटे के साथ रहने वाली अनुसूचित जाति की बबली विधवा है। वास्तव में उनके घर की छत बारिश में टपकती है। लेकिन उनका बीपीएल कार्ड भी काट दिया गया। एससी जाति से संबंधित बबली का विवाह सतीश चौपड़ा के साथ हुआ था। उनके पास 7 लड़कियां व 1 लड़का है। सतीश कारपेंटर के पास हेल्पर का काम करता था। उसने मजदूरी करके 2 लड़कियों की शादी की थी। लेकिन 2015 में उसका निधन हो गया। इसके बाद परिवार पालने का जिम्मा बबली पर आ गया और आय का कोई जरिया नहीं रहा। उसने समाज के सहयोग से अपनी 2 लड़कियों का विवाह किया। अब भी उसके पास 3 लड़कियां और एक बेटा रहता है। विधवा पेंशन के अलावा उसकी कोई आय नहीं है। लेकिन सरकारी अलादीन ने परिवार पहचान पत्र में उसकी आय बढ़ा दी और बीपीएल कार्ड काट दिया।

### सिस्टम गरीब को 'कागजों में अमीर' बना रहा

बेशक सरकार ने पारदर्शिता और लाभार्थी पहचान के लिए फैमिली आईडी प्रणाली शुरू की थी, लेकिन अब यह आम जनता के लिए सिरदर्द बन चुकी है। यह सिस्टम गरीब को 'कागजों में अमीर' बना देता है, जबकि जमीनी हकीकत इससे जुदा है। एससी विधवा महिला बबली के अनुसार उनकी आर्थिक स्थिति बिल्कुल खराब है और घर की छत भी टपक रही है। सरकारी दफ्तरों के बार-बार चक्कर काटकर वह थक चुकी है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अब उनके लिए अपने घर का गुजारा करना भी मुश्किल हो गया है। विधवा पेंशन के अलावा उनकी कोई आय नहीं है, फिर भी फैमिली आईडी में उनकी इनकम ज्यादा दिखाकर बीपीएल दर्जा छीन लिया। वह सरकार से अपील करती हैं कि जल्द से जल्द उनकी फैमिली आईडी ठीक की जाए और दोबारा से उनका बीपीएल कार्ड चालू किया जाए। बबली की भांति ऐसे अनेक परिवार हैं, जिनकी फैमली आईडी में गलत इनकम व गलत जानकारी के चलते उनके बीपीएल कार्ड काट दिए गए हैं।

## स्कूल गेम्स सिर पर, महर्षि दयानंद स्टेडियम में पानी भरा, प्रैक्टिस के लिए भटक रहे खिलाड़ी

■ खिलाड़ियों के स्वास्थ्य भी प्रभावित ■ कई खिलाड़ी बीमार होने के कारण नहीं आ पा रहे स्टेडियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर के महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम में बरसात के बाद जमा पानी खिलाड़ियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। मैदान में जलभराव के कारण जहां खिलाड़ी नियमित अभ्यास नहीं कर पा रहे, वहीं स्टेडियम परिसर में मच्छरों की भरमार ने उनकी सेहत पर भी असर पड़ रहा है। स्टेडियम में अपने बेटे सोमदेव को प्रैक्टिस कराने आए अभिभावक महेंद्र ने बताया कि स्टेडियम में बरसात का मौसम शुरू होने से ही जलभराव की स्थिति बनी है। जलभराव के कारण बच्चों की प्रैक्टिस बुरी तरह प्रभावित हो रही है। इसी प्रकार निखिल के साथ आए उनके पिता धर्मेंद्र, ललिता और रिया के साथ आए उनके पिता कृष्ण तथा अपने पौत्र यश के साथ आए श्रवण सिंह ने बताया कि स्टेडियम में पिछले करीब दो माह से हुए लगातार जल भराव के कारण मच्छरों की भरमार हो गई है। इस कारण कई खिलाड़ी बीमार भी हो चुके हैं। सुरेहती गांव से शुभम व गुढ़ा गांव से नितिन और निखिल नामक खिलाड़ी बीमारी के चलते कई दिनों तक प्रैक्टिस में नहीं आ पाए। स्थिति इतनी खराब है कि स्टेडियम में मौजूद बॉक्सिंग विंग का सामान भी कबाड़ के रूप में बाहर पड़ा है, जिससे मच्छरों का प्रकोप और बढ़ गया है। इस स्टेडियम में बॉक्सिंग के अलावा जिम्नास्टिक, हॉकी और बैडमिंटन विंग भी स्थापित है। इनमें से जहां जिम्नास्टिक खिलाड़ी तो इंडोर स्टेडेयिम में अपना अभ्यास कर पाते हैं लेकिन मैदान में जलभराव के कारण हॉकी व बैडमिंटन विंग के खिलाड़ियों ने तो मजबूरन स्टेडयिम आना ही बंद कर दिया है। अभिभावकों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द स्टेडियम की सफाई व निकासी की मांग की है।



**झज्जर।** महर्षि खेल स्टेडियम में भरा बरसाती पानी।



**झज्जर।** स्टेडियम में पड़ा कबाड़ दिखाते अभिभावक।

### खिलाड़ियों के साथ अभिभावक भी परेशान

बॉक्सिंग विंग में अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों के अभिभावकों ने बताया कि बॉक्सिंग कोच प्रतियोगिताओं के सिलसिले में विदेश गए हुए हैं। ऐसे में दूसरे कोच की ड्यूटी लगाई जानी चाहिए तो खिलाड़ियों का अभ्यास करा सकें। एक कोच कुछ दिनों तक आया भी लेकिन अब वह पिछले कई दिनों से नहीं आ रहा जिस कारण बच्चों का अभ्यास प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा इसी सप्ताह के अंदर स्कूली गेम्स भी शुरू होने वाले हैं। कोच न होने के कारण बच्चे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाएंगे या नहीं इसमें भी संशय बना है।

## सड़क हादसे का समाचार सुनकर पुलिस कर्मचारियों के घर में कोहराम मचा

**बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर हादसे का शिकार हुए दोनों कर्मचारी झज्जर के**

■ तुंबाहेडी के 45 वर्षीय इंस्पेक्टर संजय कुमार व शहर के सीताराम गेट निवासी करीब 28 वर्षीय अमित का हादसे में निधन

■ दोनों पुलिस कर्मी गुरुग्राम क्राइम ब्रांच में तैनात थे

**झज्जर।** रविवार देर सांय उत्तरप्रदेश के बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर हुए भीषण सड़क हादसे में जिले के दो पुलिस कर्मियों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान गांव तुंबाहेडी निवासी करीब 45 वर्षीय इंस्पेक्टर संजय कुमार व शहर के सीताराम गेट निवासी करीब 28 वर्षीय अमित पुत्र खजान सिंह के तौर पर की गई है। जानकारी अनुसार दोनों पुलिस कर्मी गुरूग्राम क्राइम ब्रांच में तैनात थे और यूपी में अपने साथी कर्मियों के साथ रेड के लिए गए थे। इसी दौरान रविवार देर रात बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर उनकी गाड़ी मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और संजय और अमित की मौत हो गई, जबकि दो अन्य पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में परिजनों को सूचना मिलने पर परिजनों में हाहाकार मच गया और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा। मृतक इंस्पेक्टर संजय के तीन बेटे है, जबकि अमित की दो बेटियां है। मंगलवार को पार्थिव शरीर पहुंचने पर अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## चूरापोस्त सहित दो ट्रक चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एसटीएफ की टीम द्वारा दो ट्रक ड्राइवरों को मादक पदार्थ डोडा व चूरा पोस्त सहित गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ प्रभारी उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस की एक टीम थाना सदर क्षेत्र में तैनात थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश निवासी दो ट्रक ड्राइवर अपने ट्रक में डोडा व चूरापोस्त लिए हुए है और उसे ट्रक ड्राइवरों को बेचने की फिराक में जहाजगढ़ मोड बाईपास झज्जर में खड़े हुए हैं। जिस पर कार्रवाई करते हुए एक ट्रक और दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। नियमानुसार ट्रक की तलाशी लेने पर एक कट्टे से नशीला पदार्थ 1130 ग्राम डोडा और 135 ग्राम चुरा पोस्त बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रंजीत निवासी लौली पोख्ता खाम पट्टी प्रतापगढ़ और नसरुद्दीन निवासी छोटी पटिया बजरडीहा उत्तर प्रदेश के तौर पर की गई है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।




## एसडीएम ने जल निकासी व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी

सोमवार को एसडीएम रेणुका नांदल ने गांव दूबलधन, पहाड़ीपुर, अच्छेज और मलिकपुर गांवों का दौरा करते हुए जल निकासी कार्यों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसती सीजन में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। बरसात के दौरान खेतों और आबादी क्षेत्र में जलभराव ना हो इसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए जरूरत अनुसार पंप सेट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



**बेरी।** जल निकासी कार्यों का जायजा लेते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

## एसटीपी फेलः छोटूराम नगर की गलियों में भरा सीवर का पानी

**पूर्व पार्षद हरिमोहन के अनुसार जनता 2 महीने से परेशान और अधिकारी बन रहे अंजान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के छोटूराम नगर की गलियों में बीते दो महीने से सीवर का गंदा पानी भर रहा है, जिससे लोगों का जीवन बेहाल हो गया है। वार्ड नंबर-10 की पार्षद राजकुमारी धाकरे व पूर्व पार्षद हरिमोहन धाकरे कई बार नगर परिषद और संबंधित विभागों को शिकायत दे चुके हैं। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे श्रमिक बस्ती में हालात नरकीय बन गए हैं। बता दें कि छोटूराम नगर स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी देखरेख के अभाव में जर्जर हो चुका है। एसटीपी सरकारी लापरवाही की भेंट चढ़ चुका है। इस कारण पूरे इलाके की सीवर व्यवस्था चरमरा गई है। छोटूराम नगर की गली नंबर-2, 3 और 4 में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं।





**बहादुरगढ़।** छोटूराम नगर की गलियों में भरा सीवरेज का गंदा पानी।

**डेंगू व मलेरिया फैलने का खतरा :** यहां घरों के आगे नालियों और सीवर मेनहोल से पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर फैल गया है। इससे न केवल गंदगी और बदबू फैली हुई है, बल्कि मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। जिस कारण डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने का खतरा मंडरा रहा है। हरिमोहन धाकरे ने आरोप लगाया कि सफाई कर्मचारी नियमित रूप से क्षेत्र में नहीं आते और पिछले दो महीने से यहां कोई सफाई कार्य नहीं हुआ है। जेई, एसडीओ और कार्यकारी अभियंता स्तर का कोई भी अधिकारी अब तक मौके पर स्थिति का जायजा लेने नहीं पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर-10 की बदहाल सीवर व्यवस्था का स्थाई सुधार किया जाए।लोगों को नरकीय जीवन से मुक्ति मिल सके।

## नहीं थम रही गाड़ी के शीशे तोड़कर चोरी करने की वारदातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ अब सेक्टर-9ए में गाड़ी का शीशा तोड़कर रुपये व आई फोन निकाला

शहर में गाड़ियों के शीशे तोड़कर चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है। आए दिन कहीं न कहीं इस तरह की वारदात हो रही है। अब सेक्टर-9ए में कम्युनिटी सेंटर के सामने खड़ी एक गाड़ी के शीशे तोड़कर आई फोन तथा नकदी पर हाथ साफ कर दिया गया। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात भैंसरू गांव के निवासी विनोद के साथ हुई है। विनोद का कहना है कि वह किसी काम के सिलसिले में बहादुरगढ़ के सेक्टर-9ए में आया था। अपनी क्रेटा गाड़ी कम्युनिटी सेंटर के सामने पार्क के पास खड़ी की थी। गाड़ी में सीट पर मोबाइल व रुपये रह गए। कुछ देर बाद आया तो ड्राइविंग सीट वाला शीशा टूटा हुआ था। गाड़ी के अंदर देखा तो आई फोन-16 व चार हजार रुपये की नकदी गायब थी। इसके बाद अपने स्तर पर जांच की और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

वारदात स्थल के आसपास सीसीटीवी नहीं हैं। लिहाजा मामले की तह तक जाने में पुलिस को मशक्कत करनी पड़ेगी। बहरहाल, सिटी थाने में केस दर्ज कर लिया गया है। बता दें कि बहादुरगढ़ में इस तरह की वारदात बढ़ रही हैं। गत एक अगस्त को रोहतक-दिल्ली रोड से एक बैंक अधिकारी की गाड़ी से 22 हजार तो संजीवनी अस्पताल के बाहर खड़ी गाड़ी के शीशे तोड़कर दो लाख रुपये चुरा लिए गए थे। इससे पहले कई अन्य वारदात भी हो चुकी हैं। अधिकांश वारदात अनसुलझी हैं।

## कॉलेजों में स्नातकोत्तर कक्षाओं की ओपन काउंसलिंग आज से

**झज्जर।** उच्चतर शिक्षा विभाग ने विभिन्न कॉलेजों की एमए, एमएससी, एमकॉम आदि स्नातकोत्तर कक्षाओं की मेरिट लिस्ट के दाखिलों की प्रकिया पूरी होने के बाद अब मंगलवार से ओपन काउंसलिंग शुरू होगी और छह अगस्त से नए आवेदनों के लिए पोर्टल खुलेगा। इसके अलावा बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं के नए आवेदनों के लिए पोर्टल सोमवार को खुल गया है। नेहरू कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्धाज ने बताया कि अब तक विभिन्न कक्षाओं के 77 विद्यार्थियों ने फीस जमा करवाई। इनमें एमए अंग्रेजी के 11, एमए भूगोल के नौ, एमए हिंदी के 13, एमए जनसंचार एवं पत्रकारिता के छह, एमए मनोविज्ञान के आठ, एमकॉम के 12, एमएससी कंप्यूटर विज्ञान के पांच और एमएससी गणित के 13 विद्यार्थियों ने फीस जमा करवाई है। इससे पहले 31 जुलाई को एमए अंग्रेजी के लिए 28, एमए हिंदी के लिए भी 27 छात्र है।

# हरिभूमि सहेली



विशेष
रक्षाबंधन
9 अगस्त

# रक्षाबंधन
## कभी ना कमजोर हो रिश्तों की डोर

भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक पर्व है रक्षाबंधन। इस दिन जब बहन भाई की कलाई पर राखी बांधती है, तो दोनों के रिश्ते और गहरे होते हैं। समय के बदलाव के साथ इस रिश्ते के ताने-बाने कमजोर हो रहे हैं। इसलिए जरूरी है, रक्षाबंधन के मूल्यों को सहेजा जाए ताकि भाई-बहन के रिश्तों की ऊष्मा कम ना हो।

आवरण कथा
यशोधरा भटनागर

रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, एक अनुभूति है। बहन की कोमल भावनाओं से बुनी-गूंथी रेशम की डोर भाई की कलाई पर बंध उसके मन को बांध लेती है। उस रिश्ते की गहराइयों में उतर जाती है, जिसमें न अपेक्षा होती है, न शर्त। एक निस्वार्थ भावना, रक्षा और पावन स्नेह राखी की कच्ची डोर को मजबूती से बांधे रखती है।

### एक भावनात्मक परंपरा

रक्षाबंधन स्मृतियों, स्नेह और संबंधों की एक ऐसी भावनात्मक परंपरा है, जो हर साल भाई-बहन के अटूट बंधन को नए अर्थ देती है। एक रेशमी धागा, जो पीढ़ियों से बहन की आशा और भाई की जिम्मेदारियों को जोड़ता आ रहा है। समय के साथ बहन ने भाई की जिम्मेदारी भी खुशी-खुशी अपने कंधों पर उठा लेने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। पहले राखी का त्योहार केवल मनाया ही नहीं जाता था, जिया जाता था। रक्षाबंधन का उत्साह लिए बड़ी बुआ, जिनके बालों में सफेदी और चेहरे पर अनुभवों का प्रकाश होता, वह पूरे हर्षोल्लास से भाई के घर आतीं, मायके का आंगन उनके आगमन से महक उठता।

### हंसी-ठिठोली और प्रेम से भरा त्योहार

एक समय ऐसा था जब, *'साल भरे में एक बार त्योहार जे पावन आवै, पहुंच जाऊं मायके जल्दी से मोरों जी हरसावै...'* गीत गाती बुआएं बैठे-बैठे सिवइयां तोड़ देतीं। अम्मा घर पर ही सुंदर-सुंदर कपड़े सिल लेतीं। मां, बुआओं और बेटियों की कलाई पर रंग-बिरंगी चूड़ियां खनखनातीं, हाथों की मेहंदी की सुवास त्योहार में कुछ अलग रंग भर देता। पाजेबों की रुनझुन मधुर संगीत गढ़ लेती। रेशम की लच्छियों से बनी राखियों में बहनें, भाई के लिए अपना सारा स्नेह उड़ेल देतीं। रक्षाबंधन की सुबह ही बड़े उत्साह से चावल, रोली, नारियल और मिठाइयों से थाल सजाया जाता। हंसी-ठिठोली और प्रेम से सराबोर हो त्योहार मन जाता। चाव से लड्डू खाता भाई, आरती उतारती बहन को नेग के लिए खूब सताता। फिर शुरू हो जाती प्यार भरी लड़ाई तो अम्मा शगुन रख यह प्यारा सा झगड़ा सुलझा देतीं।

### बहुत बदल गए हैं अहसास

एक समय था, रिश्ते खून के नहीं, भावना के होते थे। राखी भाई का वचन होती थी- *'तेरे दुःख से पहले मैं आऊंगा बहन।'* और बहन की नजरें कहती थीं- *'जब तू है तो मुझे किसी और की जरूरत नहीं।'* आज ऐसे एहसास ढूंढे नहीं मिलते। आधुनिक जीवन की आपा-धापी में रक्षाबंधन भी एक कैलेंडर इवेंट बन गया है। भाई-बहन के पास समय नहीं है, भावनाएं स्क्रीन पर सिमट गई हैं। राखी अब ई-कॉमर्स के डिब्बों में आती है। प्रेम उसमें बंधे नोट में नहीं, साथ बिताए समय में था, जो अब दुर्लभ होता जा रहा है। आज जब मोबाइल फोन पर प्रियंका ने राखी भेजी और मीटिंग में उलझे भाई बिट्टू ने दो पल का समय निकाल कर 'हैप्पी रक्षाबंधन' कहा तो वह मुस्कुरा तो दी, पर भीतर कहीं एक रिक्तता तैर गई। कॉल कटते ही उसका चेहरा बुझ गया। याद हो आए वो दिन, जब रक्षाबंधन का त्योहार कई दिन पहले ही अंदर बाहर उत्साह भर देता था। भाई के लिए थाली वह कितने प्यार से सजाती थी। मिठाई में बिट्टू की पसंद के रसगुल्ले जरूर होते और वह एक के एक करके गपागप कितने ही सटका जाता। नेग के नाम पर कहता, 'जिज्जी ढेर सारा प्यार दे तो रहा हूं' या कभी चॉकलेट का खाली रैपर रख देता। लड़-झगड़ कर वह भी मोटा नेग लेती थी। यह सब याद कर एक हंसी उसके चेहरे पर तिर आई। वह धीरे से बुदबुदाई, 'सदा ऐसे ही खुश रहो मेरे प्यारे भाई!'





### रिश्तों को सहेजने वाला पर्व

रक्षाबंधन केवल एक रस्म नहीं, यह रिश्तों को समय देकर, उन्हें सहेज कर, पीढ़ियों से जोड़ने का एक माध्यम है। आज जब जिंदगी की आपा-धापी में बहुत कुछ छूट रहा है, तो जरूरी है कि हम उन भावनात्मक डोरियों से फिर से बंधें। थोड़ी देर साथ बैठें, बात करें, यादें ताजा करें और अपनों को ये एहसास दिलाएं कि रक्षाबंधन का दिन हमारे जीवन के सबसे सुंदर दिनों में से एक है।

### राखी के धागों की पकड़ सहेजें

राखियां डिजिटल हो सकती हैं, मिठाइयां ऑनलाइन मिल सकती हैं, पर... बड़ी बुआ के हाथों की कांपती अंगुलियों से बंधी राखी, मुंहबोली बुआ की आंखों में छलकता प्यार, ये अनुभव किसी स्क्रीन पर नहीं, सिर्फ दिल में उतरते हैं। इस रक्षाबंधन, क्यों न हम राखी केवल भेजें नहीं, बल्कि इसे जिएं। क्यों न हम फिर से लौटें उन लम्हों की ओर, जो हमारी असली पूंजी हैं! क्योंकि रिश्तों की असली मिठास न रसगुल्लों में है, न उपहारों में, वो तो बस एक बात में छुपी है, जब भाई कहता है, 'बहन मैं हूं... तुम्हारे साथ... हमेशा-हमेशा।' फिर इस पर 'भाई तेरी खुशी में ही मेरी खुशियां हैं।' ऐसी बातों में और बहन की मुस्कान में भाई का गर्व छुपा होता है और भाई की आंखों में बहन का संसार। तो आइए इस रक्षाबंधन एक बार फिर से रिश्तों की गर्माहट को महसूस करें, उस डोर को फिर से सहेजें, जो शायद ढीली पड़ गई पर टूटी नहीं है।

# भाई-बहन के प्रगाढ़ प्रेम का पर्व रक्षाबंधन

रक्षाबंधन के अवसर पर अपने भाई की कलाई पर आप भी जरूर राखी बांधेंगी। अगर आप वास्तु नियमों के अनुसार इस परंपरा को निभाएं तो इससे बहुत शुभ फलों की प्राप्ति होगी और आप दोनों का आपसी प्रेम सदैव बना रहेगा।

पर्व-परंपरा
अनीता जैन



रक्षाबंधन का पर्व भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के स्नेह, आत्मीयता और आपसी विश्वास का प्रतीक है। इस विशेष दिन बहन अपने भाई के ललाट पर तिलक कर उसकी कलाई पर रक्षासूत्र बांधती है। भाई आजीवन अपनी बहन की रक्षा करने का वचन देता है। यह पर्व मात्र एक रस्म नहीं, बल्कि आत्मीयता, दायित्व और आपसी प्रेम का ऐसा बंधन है, जो उम्र भर साथ निभाता है। इस दिन का धार्मिक, पौराणिक और वास्तु शास्त्र से जुड़ा महत्व भी है, जिसे समझकर और विधिपूर्वक पालन कर इस पर्व को और अधिक फलदायी और शुभ बनाया जा सकता है। अच्छे मुहूर्त और भद्रारहित काल में भाई की कलाई पर राखी बांधने से भाई को कार्यसिद्धि और हर कार्य में सफलता प्राप्त होती है।

### ऐसे बांधें राखी

वास्तु के अनुसार घर का मुख्य द्वार वह प्रमुख स्थान है, जहां से सकारात्मक ऊर्जा घर के भीतर प्रवेश करती है, जो आपकी और भाई की समृद्धि के लिए मददगार हो सकती है। रक्षाबंधन के दिन मुख्य द्वार पर ताजे फूलों और पत्तियों से बनी बंधनवार लगाएं और रंगोली से घर को सजाएं। पूजा के लिए एक थाली में स्वास्तिक बनाकर उसमें चंदन, रोली, अक्षत, राखी, मिठाई और कुछ ताजे फूलों के बीच में एक घी का दीया रखें। दीपक प्रज्वलित कर सर्वप्रथम अपने इष्टदेव को तिलक लगाकर राखी बांधें और आरती उतार कर मिठाई का भोग लगाएं। फिर भाई को पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठाएं। इसके बाद उनके सिर पर रुमाल या कोई वस्त्र रखें। अब भाई के माथे पर रोली-चंदन और अक्षत का तिलक लगाकर उसके हाथ में नारियल दें। इसके बाद येन बद्धो बलि राजा, दानवेंद्रो महाबलः। तेन त्वाम प्रतिबद्धनामि रक्षे माचल माचलः। इस मंत्र को बोलते हुए भाई की दाहिनी कलाई पर राखी बांधें। भाई की आरती उतार कर मिठाई खिलाएं और उनके उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के लिए भगवान से प्रार्थना करें। इसी दिन देवताओं, ऋषियों और पितरों का तर्पण करने से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बढ़ती है। इस दिन आप नदियों, तीर्थों, जलाशयों आदि में स्नान और दान-पुण्य करके ईष्ट कार्य भी सिद्ध कर सकते हैं।



### राखी बांधने के नियम

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पुरुषों और अविवाहित कन्याओं को दाएं हाथ में रक्षासूत्र बांधना चाहिए वहीं विवाहित स्त्रियों के लिए बाएं हाथ में राखी बांधने का विधान है। भाइयों को राखी बंधवाते समय उस हाथ की मुट्ठी को बंद रखकर दूसरा हाथ सिर पर रखना चाहिए। वास्तु शास्त्र में काले रंग को औपचारिकता, बुराई, नीरसता और नकारात्मक ऊर्जा से जोड़कर देखा जाता है, इसलिए इस दिन बहन और भाई दोनों को काले रंग के परिधान पहनने से परहेज करना चाहिए।

### ऐसे शुरू हुई राखी बांधने की परंपरा

पौराणिक कथाओं के अनुसार जब भगवान विष्णु ने वामन अवतार के रूप में राक्षस राज बलि से तीन पग में उनका सारा राज्य मांग लिया था और उन्हें पाताल लोक में निवास करने को कहा था, तब राजा बलि ने भगवान विष्णु को अपने मेहमान के रूप में पाताल लोक चलने को कहा। जिसे विष्णुजी मना नहीं कर सके। लेकिन जब लंबे समय तक श्री हरि अपने धाम नहीं लौटे तो लक्ष्मी जी को चिंता होने लगी। तब नारद मुनि ने उन्हें राजा बलि को अपना भाई बनाने की सलाह दी। अपने पति को वापस लाने के लिए माता लक्ष्मी गरीब स्त्री का रूप धारण कर राजा बलि के पास पहुंच गईं और उन्हें अपना भाई बनाकर राखी बांध दी। इसके बदले उन्होंने भगवान विष्णु को पाताल लोक से ले जाने का वचन मांग लिया। उस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा थी और माना जाता है कि तभी से रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाने लगा है।

# अब केवल भाइयों को ही नहीं बहनों को भी बांध रही हैं राखी

पारंपरिक तौर पर भले ही रक्षाबंधन पर बहनें ही भाई को राखी बांधती हैं। लेकिन नए दौर में अब कई बहनें भी आपस में एक-दूसरे को राखी बांधने लगी हैं। यह नई परंपरा बहनों के बीच आपसी स्नेह और जुड़ाव को और मजबूत भी बना रही है।

बदलाव
मधु सिंह



नवी मुंबई की रितिका, गीतिका बरसों तक रक्षाबंधन के दिन अपना कोई भाई न होने की कसक में गुजारती रही हैं। लेकिन पिछले दो सालों से उनकी यह कसक दूर हो गई है, क्योंकि अब दोनों बहनें रक्षाबंधन वाले दिन एक-दूसरे को राखी बांधकर एक दूसरे की रक्षक होने की पुष्टि करती हैं। बहनों द्वारा बहनों को ही राखी बांधने की यह परंपरा एक समावेशी और आत्मीय सामाजिक रिश्ते का संकेत है। पिछले दो तीन सालों से इस ट्रेंड की यह ताजगी भरी बयार सबको सुखद लग रही है, इसीलिए यह ट्रेंड बढ़ता जा रहा है।

**रक्षा की नई परिभाषा:** अभी तक भाई ही बहन को रक्षा करने का वचन देता रहा है। यही कारण है कि इस पारंपरिक त्योहार के आते ही हमारे दिलो-दिमाग में एक ट्रेडिशनल छवि कौंध जाती है, जिसमें थाल सजाए बहन, भाई की कलाई पर राखी बांध रही होती है। लेकिन इक्कीसवीं सदी की एक चौथाई अवधि बीत जाने के बाद भारत में बहुत कुछ बदल रहा है। यह युवा ताजगी से भरा देश कई संबंधों को पुनर्परिभाषित कर रहा है और ऐसा ही संबंध है, बहन से बहन का। आज बहनें भी अपनी दूसरी बहनों को खुशी-खुशी राखी बांध रही हैं, न कोई संकोच, न कोई सामाजिक संकीर्णता।

**भावनाओं का बढ़ा दायरा:** जब तक बहन की राखी सिर्फ भाई की कलाई में बंधती थी, तब तक ये खास रिश्ते की वायस थी। आज इस रिश्ते का दायरा बड़ा हो गया है, अब बहनें भी एक-दूसरे से कहती हैं, 'मैं भी तेरी रक्षक हूं, तूने हर मोड़ पर मेरा साथ दिया है, मेरे जीवन में तेरा होना किसी भाई से कम नहीं।' चाहे वो बड़ी बहन हो या छोटी बहन। आज बहनें एक-दूसरे का संबल ही नहीं बन रहीं बल्कि वे एक-दूसरे की ढाल भी बन रही हैं। इसलिए राखी के रिश्ते में यह परिवर्तन स्वाभाविक है।

**पारंपरिक संवेदना की नई ऊर्जा :** बहनों द्वारा बहनों को राखी बांधना एक ट्रेंड भर नहीं है, यह परंपरा की नई संवेदना है। यह उस पीढ़ी का इमोशनल इंटेलीजेंस है, जो सुरक्षा को केवल बाहुबल के चश्मे से नहीं देखती बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक सहारे के रूप में भी देखती है। एक बहन को दूसरी बहन राखी बांधकर यह जताती है कि मैं तेरे संघर्षों में साथ खड़ी हूं। इससे साबित होता है कि राखी अब केवल भौतिक रक्षा का ही प्रतीक नहीं है। यह सम्मान, भरोसे और बराबरी का भी संदेश देता है।

**रिश्ते बन रहे प्रगाढ़:** बहनों के एक-दूसरे को राखी बांधने की यह नई परंपरा, बहनों के आपसी रिश्ते को प्रगाढ़ बनाने में बड़ी भूमिका निभा रही है। बहनें, एक-दूसरे के दुख में संबल बन खड़ी हो रही हैं। खुशियों में उल्लास और उमंग से शामिल हो रही हैं। वैसे भी बचपन की दहलीज पार करने के बाद बहनें जब किशोरावस्था और युवावस्था में कदम रखती हैं तो वे एक-दूसरे की सबसे विश्वस्त सखी-सहेली बन जाती हैं। अपनी वो बातें भी आपस में शेयर करने लगती हैं, जिसे मम्मी-पापा से नहीं कह पाती हैं। उन्हें यकीन होता है कि उनकी बहन हर स्थिति को समझकर सबसे उपयुक्त सलाह जरूर देगी। स्ट्रेस या चिंताओं से उन्हें उबार लेगी। यानी बहनों के रिश्ते को गहन बनाने में आपस में राखी बांधने की नई परंपरा, बड़ी भूमिका निभा रही है।



### नई पीढ़ी-नई पहचान

साल 2025 में बहनें रक्षा के लिए किसी की याचक नहीं हैं बल्कि वह संदेश दे रही हैं कि बहनें अब बहनों की रक्षा खुद कर लेंगी। इसलिए वे आज एक-दूसरे को राखी बांध रही हैं। यह एक नई परंपरा ही नहीं बल्कि सोच में स्थाई बदलाव की दस्तक है। वह दस्तक जो कहती है कि हम बहनें हैं, हम साथ हैं और एक-दूसरे की रक्षा करना हमारे रिश्ते की सुंदर परिभाषा है।

# फेस्टिव लुक के लिए करें ग्लॉसी मेकअप

मेकअप
मानसी

रक्षाबंधन के खास मौके पर पहनने के लिए आपने अपनी ड्रेस फाइनल कर ली है लेकिन अगर अभी आप डिसाइड नहीं कर पा रही हैं कि किस तरह का मेकअप करें, तो आपको बता दें कि कोई भी लुक तभी परफेक्ट लगता है, जब ड्रेस के साथ मेकअप मैच करता है। इस खास फेस्टिव ऑकेजन पर आप ग्लॉसी मेकअप कर सकती हैं। इसके प्रॉपर स्टेप्स के बारे में यहां बता रहे हैं।

**एक्सफोलिएशन-मॉयश्चराइजेशन:** मेकअप शुरू करने से पहले जरूरी है कि आप अपने चेहरे को अच्छी तरह धो लें और फिर स्किन को एक्सफोलिएट करें। इससे चेहरे पर डेड स्किन निकल जाएगी। साथ ही चेहरे पर मौजूद धब्बे भी हल्के पड़ जाएंगे। इससे स्किन सॉफ्ट भी हो जाएगी। इसके बाद आप चेहरे को मॉयश्चराइज करें। इससे त्वचा पर नमी बनी रहेगी।

**प्राइमर और फाउंडेशन:** जब आप चेहरे को मॉइस्चराइज कर लें तो जरूरी है कि उसके बाद मेकअप को बेस देने के लिए प्राइमर का इस्तेमाल करे, जिससे आपका मेकअप ज्यादा लंबे समय तक टिका रहेगा। साथ ही चेहरे पर दाग धब्बे भी नजर नहीं आते हैं। जब आप चेहरे पर प्राइमर का इस्तेमाल कर लें तो उसके बाद फाउंडेशन अप्लाई करें। बिना फांउडेशन के मेकअप को सही लुक नहीं मिल पाता है। इसलिए फाउंडेशन का इस्तेमाल चेहरे पर जरूर करें। ऑयली स्किन वाली महिलाएं ऑयल फ्री फाउंडेशन का ही यूज अपने चेहरे पर करें।



**आई मेकअप:** आपका कंप्लीट मेकअप तभी सुंदर नजर आता है, जब आपने आंखों का मेकअप परफेक्ट तरीके से किया हो। इसके लिए आप आई मेकअप को सही तरह से करें। ध्यान रखें कि ग्लॉसी मेकअप के लिए आंखों को थोड़ा सॉफ्ट और नेचुरल लुक देना जरूरी है। इसके लिए अपनी आंखों पर रोज गोल्ड या सिल्वर आईशैडो लगाएं। फिर आईशैडो को चमकदार बनाने के लिए अपनी आंखों पर थोड़ी मात्रा में आई-सेफ क्लियर लिप ग्लॉस या पेट्रोलियम जैली लगाएं। इसके बाद आप पलकों को कर्ल करके मस्कारा के दो कोट लगाएं।

**चीकबोंस नजर आए ग्लॉसी:** जब आंखों का मेकअप हो जाए तो ग्लॉसी लुक के लिए चीकबोंस, नाक और चेहरे के कुछ हिस्सों को उभारने के लिए उन पर ब्रोंजर का इस्तेमाल करें। फिर गालों पर पीच शेड का क्रीमी ब्लश का इस्तेमाल करें। इसके बाद अपने चीकबोंस, नाक के ऊपरी हिस्से और माथे पर थोड़ा हाईलाइटर लगाएं। इसे ब्यूटी ब्लेंडर या फिर फ्लेयर ब्रश से स्मज करें।

**लिप ग्लॉस लगाएं:** चूंकि आप ग्लॉसी मेकअप कर रही हैं, इसलिए आपको होंठों पर लिप ग्लॉस का इस्तेमाल करना होगा। आप लिप ग्लॉस में कलर अपनी पसंद का चुन सकती हैं।

**(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

# आकर्षक दिखेगी रक्षाबंधन वाली थाली

आप अपने भाई के लिए प्यारी सी राखी तो चुनेंगी ही। इसके साथ ही, जिस थाली में रोली, अक्षत के साथ राखी रखेंगी, वो भी बहुत आकर्षक दिखे, इसके लिए ये तरीके अपना सकती हैं।



परंपरा
निधि गोयल

हर बहन को इंतजार होता है राखी आएगी तो भाई के लिए वह सुंदर सी राखी तो लाएगी ही, साथ ही राखी, रोली, अक्षत, चंदन, आरती का दीपक और मिठाई आदि रखने के लिए थाली भी सुंदर सी सजाएगी। हम यहां पर विस्तार से बता रहे हैं इसे सजाने का तरीका।

**चुनरी का फैब्रिक:** आप सबसे पहले थाली का बेस बनाने के लिए चुनरी का फैब्रिक लें और उसे पूरी थाली पर चिपका दें। इससे आपकी थाली काफी अट्रैक्टिव नजर आएगी। लाल रंग की चुनरी का फैब्रिक सबसे आकर्षक लगता है। आप यदि चुनरी का फैब्रिक इस्तेमाल नहीं करना चाह रही हैं तो उसकी जगह चुनरी प्रिंट में पेपर लेकर भी थाली को सजा सकती हैं। इसे आपको पूरी थाली के तल पर बहुत अच्छी तरह से चिपकाना है, जिससे पूरी थाली इस फैब्रिक से ढंक जाए।

**गोटा:** जब आप चुनरी का फैब्रिक या पेपर थाली पर लगा लें तो इसके बाद आपको उसे आकर्षक दिखाने के लिए गोटे का इस्तेमाल करें। लेकिन बहुत ज्यादा मोटा गोटा उस पर नहीं लगाएं, क्योंकि इससे थाली का लुक अच्छा नहीं लगेगा। मीडियम साइज के गोटे से थाली को सजाएं। आप इसे अपनी इच्छानुसार शेप में लगा सकती हैं। थाली गोल होती है तो गोल शेप में लगाते हुए गोटे चिपका दें या फिर क्रिएटिविटी के साथ अलग डिजाइन में सजा सकती हैं।

**मिरर:** जब आप थाली को गोटे से सजा दें तो उसके बाद मिरर का इस्तेमाल करें। मिरर को आप थाली पर जगह-जगह चिपका सकती हैं। इससे थाली बेहद सुंदर नजर आएगी।

**लेस और लटकन:** आप चुनरी के फैब्रिक को लगाने के बाद उसके चारों तरफ थाल के किनारे-किनारे लेस को चिपका सकती हैं, जिससे थाली का लुक चेंज हो जाएगा। अगर आपको लटकन लगानी है तो इस लेस से अटैच करते हुए चारों कोनों पर लटकन को लगा सकती हैं।

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप


झज्जर। समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो :हरिभूमि

### डीसी ने सुनीं शिविर में लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज. झज्जर : सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों में प्राप्त शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग करें और समाधान की रिपोर्ट समयबद्ध रूप से प्रस्तुत करें। इस दौरान एडीसी जगनिवास, एसडीएम अंकित कुमार चौकसे, सीटीएम नमिता कुमारी सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### पांच दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत की


झज्जर। कार्यशाला में बीआरपी व एबीआरसी को संबोधित करते हुए डीईओ राजेश कुमार। फोटो :हरिभूमि

झज्जर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान माछरौली में सोमवार को प्रभावशाली कक्षा-कक्ष अवलोकन विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत की गई। कार्यशाला में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने सभी बीआरपी और एबीआरसी को इस प्रशिक्षण की महत्ता से अवगत कराते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण अपने आप में एक अध्यापक के उन्तीस कक्षा व्यवहार को जांचने का एक टूल है। इसकी सहायता से एक अध्यापक के कक्षा व्यवहार को प्रभावशाली बनाया जा सकता है। इस कार्यक्रम के समन्वयक सुनील कुमार ने पांच दिनों में होने वाली दिवसवार गतिविधियों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के लिए मुख्य प्रशिक्षक की भूमिका मोनिका, चेतना तथा दिनेश निभाएंगे, एससीईआरटी द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। मंजेश, उर्मिला, प्रांजलि, विनीता, संजू, सुमन तथा वीरेंद्र भी मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य करेंगे। कक्षा-कक्ष अवलोकन टूल के तीन आयाम, नौ तत्व तथा उनतीस व्यवहार भी सभी प्रतिभागियों के साथ साझा किए गए।



### खंडस्तरीय योग प्रतियोगिता में लविश रहा तृतीय

झज्जर। इंडो अमेरिकन स्कूल के छात्र लविश ने खंड स्तरीय योग प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल कर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। यह उपलब्धि लविश की योग में गहरी रुचि, निरंतर अभ्यास और अनुशासन का प्रतीक है। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने लविश को विशेष रूप से सम्मानित करते हुए कहा लविश जैसे समर्पित छात्र उनकी संस्था की शान हैं। इससे साबित होता है कि अनुशासन, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास के साथ कोई भी छात्र किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकता है।

### राजीव गांधी स्टेडियम तलाव में आयोजित खंड स्तरीय प्रतियोगिता

# खंडस्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते मेडल

- पारस ने 100 मीटर दौड़ तथा वंश ने ट्रिपल जंप में द्वितीय स्थान प्राप्त किया
- विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। स्कूल प्रबंधन समिति सदस्यों के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी, विजेता खिलाड़ियों के साथ स्कूल निदेशक व प्रिंसिपल। फोटो :हरिभूमि

राजीव गांधी स्टेडियम तलाव में आयोजित हरियाणा स्कूल खेल की खंड स्तरीय प्रतियोगिता में एचआर ग्रीन फील्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने एथलेटिक्स में शानदार प्रदर्शन किया। प्राचार्य महेंद्र सिंह गुलिया ने बताया कि उनके संस्थान की खो-खो स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर 17 आयु वर्ग की लड़कों की स्पर्धा में मितेश ने लंबी कूद व ट्रिपल जंप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पारस ने 100 मीटर दौड़ तथा वंश ने ट्रिपल जंप में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा मितेश, जितेश, पारस, दीपांशु, वंश, दक्ष देव, पूर्व, अंश, प्रियांशु व तन्मय ने 4 गुणा 100 मीटर रिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर निदेशक विकास धनखड़ ने कोच विकेश ठाकुर, अवधेश, अमित कुमार व गिन्नी देवी की सराहना करते हुए विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## ब्लॉक स्तर पर छाए जुपीटर के खिलाड़ी

बहादुरगढ़। रोहद स्थित जुपीटर स्कूल के खिलाड़ियों ने ब्लॉक स्तरीय खेलों में अभूतपूर्व प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। शुक्रवार और शनिवार को हुए इन खेलों में ब्लॉक के विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जुपीटर स्कूल की 8वीं कक्षा के जतिन ने कुश्ती में प्रथम स्थान पर किया। उनका जिलास्तरीय खेलों के लिए चयन हुआ। बारहवीं कक्षा के जतिन ने जेवलिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वंश ने गोला फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ग्यारहवीं के हिमांशु लंबी कूद में प्रथम रहे। सरेन सांगवान और यश ने शतरंज में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल निदेशक राजकुमार रूहिल ने विजेता छात्राओं को बधाई दी। प्राचार्य राजपाल सिंह सनवाल ने विद्यार्थियों से खेलों में बढ़चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।


झज्जर। प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

## बॉस्केटल बॉल प्रतियोगिता में एचडी की टीम प्रथम

झज्जर। राजीव गांधी खेल स्टेडियम साल्हावास में लड़कों के वर्ग की खंड स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताओं में एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की बास्केट बॉल टीम प्रथम स्थान पर रही। विद्यालय की बास्केटबॉल कोच मीनू राठी व हितेष गर्ग ने बताया कि इसके अलावा बैडमिंटन में अंडर-17 आयु वर्ग में उमेश तथा शतरंज प्रतियोगिता में विशेष जाखड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शतरंज स्पर्धा के अंडर-14 में रियांस गर्ग ने पहला तथा सौरव ने दूसरा व अंडर-19 आयु वर्ग में सचिन ने पहला स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन उनके संस्थान के खिलाड़ी छाए रहे। इस उपलबधि पर एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया व प्राचार्य सतबीर सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


झज्जर। शिविर में स्वास्थ्य जांच कराते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## शिविर में की 159 विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच

झज्जर। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाकला में सोमवार को विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रम आरबीएसके और शिक्षा विभाग के सेहत प्रोग्राम के अंतर्गत सीएचसी ढाकला से डॉक्टर भूपेंद्र सिंह, डॉक्टर अनु खनगवाल व फार्मेसी ऑफिसर विकास ने छठी से बारहवीं कक्षा तक के 159 विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की। जांच के दौरान सेवेयर एनीमिया, नजर की कमजोरी, भैंगापन, दांत, कुपोषण, विटामिन डी की कमी से ग्रसित विद्यार्थी भी मिले जिनका इलाज स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। प्राचार्य वेद प्रकाश ने बताया कि कमजोर नजर वाले विद्यार्थियों को शीघ्र ही चश्मे भी वितरित किए जाएंगे। सभी विद्यार्थियों का रिकॉर्ड भी सेहत पोर्टल पर ऑनलाइन किया जा रहा है। इस मौके पर छात्र हेल्थ समिति इंचार्ज राहुल तिवारी व विक्रम भारद्वाज सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# नेहरू कॉलेज की टीम ने किया गांव जौंधी का दौरा

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के नशा निषेध क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आउटरीच प्रोग्राम के तहत 'एक पेड़-नशा मुक्त घर के नाम' थीम पर गांव जौंधी में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह और स्टाफ सदस्यों ने गांव का दौरा किया। उन्होंने ग्राम पंचायत जौंधी के सरपंच अनिल कुमार के साथ मंदिर परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्ति का संदेश दिया। उन्होंने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने और स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय द्वारा गांव जौंधी को नशा मुक्त अभियान के तहत गोद लिया गया है और विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से पूरे गांव को नशा मुक्त बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान प्राचार्य ने ग्रामीणों से मुलाकात कर अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह। फोटो :हरिभूमि

कार्यक्रम का संयोजन महाविद्यालय के आउटरीच समन्वयक प्राध्यापक शिवशंकर ने किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र पूनिया, एनएसएस प्रभारी विकास सुहाग, शारीरिक शिक्षा प्राध्यापक डॉक्टर अरुण तथा अर्थशास्त्र प्राध्यापक डॉक्टर मनोज कुमार भी उपस्थित रहे।


बहादुरगढ़। नियमों की अवहेलना पर चालान काटते पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

## एक माह में नियम तोड़ने वाले 5733 वाहन चालकों के चालान

बहादुरगढ़। यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा शिकंजा कसा जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस ने पिछले एक माह में 5733 वाहन चालकों के चालान कर 32.42 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यातायात थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि कार्रवाई का मकसद सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और लोगों को नियमों के प्रति जागरूक करना है। बीते एक माह में जिन प्रमुख उल्लंघनों पर कार्रवाई की गई, उनमें शराब पीकर वाहन चलाने के 43, बिना लाइसेंस 94, ट्रिपल राइडिंग 129, गलत दिशा में वाहन चलाने पर 1555 चालान शामिल हैं। वहीं डेंजर यू-टर्न के 378, बिना हेलमेट 307, बिना सीट बेल्ट 299, रॉन्ग पार्किंग 831, बुलेट पटाखा बजाने के 11 और काली फिल्म लगे शीशों वाले 48 वाहनों के चालान काटे हैं। इंस्पेक्टर महेश कुमार ने कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाना, तेज गति में ओवरटेक करना, हेलमेट या सीट बेल्ट का प्रयोग न करना केवल खुद के लिए ही नहीं, बल्कि दूसरों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता है। अभिभावकों से भी अनुरोध है कि अगर किसी बच्चे ने बाइक का साइलेंसर मॉडिफाई कर बुलेट पटाखा लगवाया है, तो तुरंत उसे हटवाएं। इस तरह के शोर से न केवल आमजन को परेशानी होती है, बल्कि यह हादसों का कारण भी बन सकता है।

# माजरा गांव में जल निकासी परियोजना सुचारू न होने से बीमाण पाना जलमग्न

- जलनिकासी सिस्टम की तकनीकी खामियों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। गांव में जमा बरसाती पानी।

क्षेत्र के गांव माजरा दूबलधन में करोड़ों रुपये खर्च कर शुरू की गई जलनिकासी परियोजना धरातल पर विफल होती दिखाई दे रही है। गांव के कन्या स्कूल, हरिजन कॉलोनी व बीमाण पाना सहित कई रिहायशी इलाके जलभराव की चपेट में आ गए हैं। यह जलनिकासी परियोजना चंडाली से लेकर लोहारू कैनाल तक पाइपलाइन के माध्यम से बनाई गई थी, जिसका उद्देश्य देवालय क्षेत्र के मोहनदास व श्यामजी मंदिरों के आसपास का पानी निकालना था। लेकिन इस परियोजना में तकनीकी खामियां, घटिया निर्माण और मानकों की अनदेखी के चलते यह गांववासियों के लिए वरदान बनने की बजाय अभिशाप बन गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पाइपलाइन बिछाते समय न तो तकनीकी मानकों का ध्यान रखा गया और न ही पाइपों के नीचे ठोस आधार तैयार किया गया। जिसके कारण जलभराव हो गया है। ग्रामीणों की मांग है कि जलनिकासी सिस्टम की तकनीकी खामियों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही देवालय तालाब पर पंपिंग चैंबर का निर्माण हो ताकि वहां से मोटरों की सहायता से जलनिकासी हो सके। ग्रामीण जय भगवान, राजवीर व जयपाल नंबरदार ने बताया कि बीमाण पाने में जलनिकासी का कोई प्रबंध नहीं होने से कन्या स्कूल, श्रद्धा की धर्मशाला और बुधो माता मंदिर पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं।

# एमपैक्स कर्मियों ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

दी ढाकला बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समिति लिमिटिड ढाकला में सहकारिता जागरूकता कार्यक्रम एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से "एक पेड़ मां के नाम" वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमपैक्स प्रबंधक मदनलाल ने की, जबकि मुख्य वक्ता झज्जर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटिड के विकास अधिकारी प्रियवृत ने शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन शाखा प्रबंधक राजेश गुलिया ने किया। मीडिया प्रभारी पंडित लोकेश शर्मा ने बताया कि ढाकला एमपैक्स के माध्यम से किसानों को निरंतर लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि सोमवार को किसानों के लिए समिति में 500 कट्टे डीएपी और 700 कट्टे यूरिया पहुंचे हैं। वर्तमान में समिति से 4441 सदस्य जुड़े हुए हैं। विकास अधिकारी प्रियवृत ने कहा कि सहकारिता गांवों की आत्मा है। सहकारी समितियां किसानों को न केवल समय पर और सस्ती दरों पर बीज, खाद और उन्नत तकनीक उपलब्ध करा रही हैं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाएं, डिजिटल लेन-देन की सुविधा और महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान कर रही हैं। इस दौरान जयकरण, सुखबीर, रामकुंवर, समिति प्रधान सुमेर सिंह, भारत सिंह, रामकुमार कटारिया, नवीन कुमार, नीलम ढाकला, सचिन कुमार धनखड़, कर्मपाल, संदीप, मुकेश, अनिल, सुनील देवी सहित अन्य भी मौजूद रहे।


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण करते हुए पैक्स कर्मी। फोटो :हरिभूमि

## दिल्ली से तेलंगाना तक जीते बीआरजी के धावक

बहादुरगढ़। देश के विभिन्न हिस्सों में शानदार प्रदर्शन करने का क्रम जारी रखते हुए बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप ने एक बार फिर गोवा से लेकर दिल्ली तक हुई स्पर्धाओं में जीत हासिल की। हैदराबाद में आयोजित तेलंगाना 10-के रन में सेवाराम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया और बीआरजी का नाम दक्षिण भारत में भी रोशन किया। गोवा में आयोजित हेल रेस 'बीच टू बीच 120 किलोमीटर रन' में बीआरजी के गुलाब सिंह और गुरदीप ने सफलतापूर्वक दौड़ पूरी कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। इन दोनों धावकों ने बेहद कठिन समुद्री ट्रैक पर 120 किलोमीटर दौड़कर बीआरजी का झंडा गोवा की धरती पर लहराया। वहीं दिल्ली की द्वारका हाफ मैराथन में ललिता पांडे ने ओवरऑल महिला वर्ग (21 किलोमीटर) में तीसरा स्थान प्राप्त किया। सत्यवान ने 10 किलोमीटर ओपन कैटेगरी में दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं 5 किलोमीटर में राकेश कुमार ने प्रथम, राजेश कुमार ने द्वितीय और राजिंदर पाल बावा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिलाओं में किरण नरूला द्वितीय स्थान पर रही। टीम बीआरजी के दीपक छिल्लर ने 10 किलोमीटर दौड़ में पेसर की भूमिका निभाई। शलभ खरे, देवेश, उरिरेई देवी, कौशल शर्मा, ललिता सहगल, राकेश डबास और अमृत कौर ने भी सफलतापूर्वक दौड़ पूरी की।


बहादुरगढ़। जीत के बाद खुशी जाहिर करते बीआरजी के धावक।

## विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूक किया

बहादुरगढ़। सामुदायिक पुलिसिंग टीम द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुल्हेडा, जनता हाई स्कूल बहादुरगढ़, सीएसएम पब्लिक स्कूल दुल्हेड़ा और आरपी पब्लिक स्कूल खरमाण में नशा मुक्त अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा, नशे के दुष्परिणामों और नए आपराधिक कानूनों की जानकारी दी। उन्होंने साइबर हेल्पलाइन 1930, साइबर क्राइम पोर्टल और संचार साथी जैसे संसाधनों के प्रयोग पर भी प्रकाश डाला। साथ ही महिला सुरक्षा डायल 112, दुर्गा शक्ति एप और ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम की जानकारी दी। विद्यार्थियों को सजग, जिम्मेदार नागरिक बनने और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया।


बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जागरूक करते एसआई सत्यप्रकाश। फोटो :हरिभूमि

### किसानों ने जिला प्रशासन से लगाई मदद की गुहार

# मुनीमपुर गांव में जलभराव से सैकड़ों एकड़ फसल बर्बादी की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण क्षेत्र के गांव मुनीमपुर में सैंकड़ों एकड़ फसल जलमग्न हो गई है। पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से किसान बेहद परेशान हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते पानी की निकासी नहीं कराई गई तो उनकी मेहनत पर भी पानी फिर जाएगा। किसानों ने बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर धान की फसल बोई थी, लेकिन अब खेतों में पानी भर जाने से फसलें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। किसान समे सिंह, नरेंद्र, चांद, समुद्र, दीपक, छोटा, हरिओम, सुखबीर व देवेंद्र आदि सहित कई किसानों की फसलें प्रभावित हुई हैं। इनमें हरिओम की 25 एकड़, समे सिंह और नरेंद्र की 15-15 एकड़, चांद व समुद्र की 10-10 एकड़, सुखबीर की 8 एकड़ और दीपक, छोटा, देवेंद्र व उमेद की 5-5 एकड़ फसल जलभराव से घिरी हुई है। किसानों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि शीघ्र पानी निकासी की व्यवस्था करा कर उन्हें समस्या से छुटकारा दिलाया जाए। यदि समय रहते पानी निकासी नहीं हुई तो उन्हें भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है।


झज्जर। मुनीमपुर के खेतों में हुआ जल भराव। फोटो :हरिभूमि

# जागरूकता यात्रा निकाल ग्रामीणों को दिया बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश

- स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को कन्या भ्रूण हत्या रोकने व बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव किलडौद में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता यात्रा निकाली गई। स्वास्थ्य अधिकारी रविंद्र दहिया के नेतृत्व में निकाली गई इस यात्रा के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को कन्या भ्रूण हत्या रोकने व बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाने के लिए प्रेरित किया। आंगनवाड़ी वर्कर शारदा कुमारी ने बताया कि यह जागरुकता यात्रा गांव की मुख्य गलियों व चौक-चौराहों से होते हुए वापिस आंगनवाड़ी केंद्र पहुंच कर समाप्त हुई। इस मौके एएनएम मनीषा, आशा वर्कर सविता, ओमवती, विक्रम सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


झज्जर। गांव में जागरूकता यात्रा निकालते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### शिकायतों की सुनवाई के लिए बिजली अदालत आज

**झज्जर।** मंगलवार को उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा अधीक्षण अभियंता कार्यालय में बिजली अदालत व उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक का आयोजन किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि सुबह 11 बजे से एक बजे तक बिजली अदालत व 11 बजे से 2 बजे तक उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम का आयोजन होगा। यह अदालत फोरम के चेयरमैन एवं बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता ऑप्रेशन सर्कल झज्जर की अध्यक्षता में होगी। इस दौरान बिजली बिल, कनेक्शन और अन्य तकनीकी समस्याओं से जुड़े परिवादों की समीक्षा की जाएगी।

### अगस्त में होंगी उपभोक्ता फोरम की चार बैठकें

**बहादुरगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के उपभोक्ताओं की बिजली और बिल संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की अगस्त माह में 4 महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन होगा। यह बैठकें 5, 12, 19 व 26 अगस्त को कार्यकारी अभियंता की अध्यक्षता में सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक होंगी। इसमें सभी सब-डिवीजनों के उपभोक्ताओं की बिजली और बिल संबंधी समस्याओं (बिजली चोरी को छोड़कर) पर सुनवाई होगी।

### स्वरोजगार के लिए एससी वर्ग को मिलेगा ऋण

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति के बेरोजगार व्यक्तियों के उत्थान के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। एससी वर्ग के लोगों के स्वरोजगार के लिए उनके लिए ऋण आवेदन पत्र आमंत्रित किए जिसकी अंतिम तिथि 21 अगस्त है। उन्होंने बताया कि जिनकी वार्षिक आय, परिवार पहचान पत्र के अनुसार तीन लाख तक हो एवं उम्र 18 से 45 वर्ष हो और वह हरियाणा राज्य का स्थाई निवासी हो एवं पहले से किसी बैंक या सरकारी वित्तीय संस्था व निगम का डिफॉल्टर ना हो वे इस ऋण योजना का लाभ ले सकते हैं।

### मेट्रो स्टेशन के नीचे से बाइक ले उड़े चोर

**बहादुरगढ़।** ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन के नीचे से बाइक चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। लाइनपार के निवासी सुमित का कहना है कि उसने अपनी बाइक मेट्रो स्टेशन के नीचे खड़ी की थी। फिर किसी काम के सिलसिले में कहीं चला गया। जब वापस आया तो बाइक नहीं मिली। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। पुलिस तलाशने में मदद करे। उसकी शिकायत पर सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अस्पताल के मुख्य गेट के समक्ष खड़े होकर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

# जियो फेंसिंग अटैंडेंस के विरोध में स्वास्थ्य कर्मियों ने एक घंटे तक किया वर्क सस्पेंड

**स्वास्थ्यकर्मियों ने कहा कि यदि सरकार द्वारा इन आदेशों को वापिस नहीं लिया गया तो वे आगामी 10 अगस्त को राज्य स्तरीय बैठक करके आगामी रणनीति बनाएंगे।**



झज्जर। नागरिक अस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए स्वास्थ्यकर्मी व सीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए विभिन्न यूनियनों से जुड़े पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी हरियाणा के आह्वान पर स्थानीय स्वास्थ्य कर्मचारियों ने भी जियो फेंसिंग आधारित उपस्थिति प्रणाली के विरोध में एक घंटे का कार्य बहिष्कार किया। स्वास्थ्यर्मियों ने नागरिक अस्पताल के मुख्य गेट पर खड़े होकर अपना विरोध जताया। प्रदर्शन की अध्यक्षता कर रही नर्सिंग स्टॉफ मीनाक्षी ने बताया कि जियो फेंसिंग आधारित उपस्थिति प्रणाली जहां कर्मचारियों के निजता के अधिकारों का हनन करती है वहीं विभाग में कार्यरत 80 प्रतिशत महिला कर्मचारियों की सुरक्षा को भी दांव पर लगाती है।

इस प्रणाली के दायरे में केवल स्वास्थ्य विभाग को लाना कर्मचारियों की ईमानदारी पर सवाल खड़े करती है। सरकार को कर्मचारी हित में जो कार्य करने चाहिए वो करने की बजाय कर्मचारियों के शोषण के नए-नए तरीके खोज रही है। एनएचएम कर्मचारी पिछले करीब सात वर्षों से अपनी विभिन्न मांगों जैसे ग्रेजुटी, सातवें वेतन आयोग का लाभ, अर्जित अवकाश, ऐच्छिक स्थानांतरण, वेतन विसंगतियां दूर करने, अलाउंस व चिकित्सीय सुरक्षा के लिए आवाज उठा रहे हैं लेकिन सरकार द्वारा इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। स्वास्थ्यकर्मियों ने कहा कि यदि सरकार द्वारा इन आदेशों को वापिस नहीं लिया गया तो वे आगामी 10 अगस्त को राज्य स्तरीय बैठक करके आगामी रणनीति बनाएंगे।

स्वास्थ्य कर्मचारियों ने प्रदर्शन के बाद सीएमओ डॉक्टर जयमाला को ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर एचसीएमएस एसोसिएशन प्रधान डॉक्टर आकृति, बहुउद्देशीय वर्कर एसोसिएशन से सचिव आनंद, नर्सिंग यूनियन जिला प्रधान अंजू, कविता गुलिया, फार्मेसी यूनियन राज्य प्रधान जगदीप, मिनिस्टीरियल यूनियन से जयबीर, एलटी यूनियन से मनोज और राकेश, एनएचएम एसोसिएशन से राज्य महासचिव डॉक्टर अरुण वर्मा, संजय, गुलशन आदि उपस्थित रहे।


बहादुरगढ़। जियो फेसिंग के विरुद्ध नारेबाजी करते डॉक्टर व नर्स। फोटो : हरिभूमि

## जियो फेसिंग हाजिरी सिस्टम के विरुद्ध एक घंटे की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

राज्य सरकार द्वारा लागू किए गए जियो फेसिंग हाजिरी सिस्टम के विरोध में सोमवार को प्रदेशभर के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ ने एक घंटे की सांकेतिक हड़ताल की। सुबह दस से 11 बजे तक पेन डाउन स्ट्राइक कर सरकार के इस निर्णय का विरोध दर्ज कराया गया।

बहादुरगढ़ में भी इसका असर देखने को मिला। एक घंटे तक डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ सीट पर नहीं रहे। डॉक्टरों स्वास्थ्य कर्मियों ने इस सांकेतिक हड़ताल में भाग लेते हुए विरोध प्रकट किया। डॉक्टरों का कहना है कि सरकार जबरन उनके निजी मोबाइल में जियो फेसिंग आधारित अटेंडेंस सिस्टम डाउनलोड करवा रही है, जिससे उन पर चौबीसों घंटे निगरानी रखी जा सके। चिकित्सकों ने इसे उनके निजता के अधिकार और स्वतंत्रता का उल्लंघन बताया। उनका कहना है कि जियो फेसिंग सिस्टम के जरिए सरकार डॉक्टरों पर अत्यधिक नियंत्रण स्थापित करना चाहती है, जो न केवल अव्यावहारिक है, बल्कि अपमानजनक भी है। डॉक्टरों ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि यह आदेश वापस नहीं लिया गया, तो भविष्य में और बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## सूरजमल स्कूल ने जीती फुटबॉल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

खंड स्तरीय स्कूल खेलों के तहत बादली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के ग्राउंड में हुई फुटबॉल प्रतियोगिता महाराज सूरजमल स्कूल की टीम ने जीत ली। फाइनल में सूरजमल स्कूल की टीम ने स्कॉलर्स की टीम को हराया।

अंडर-19 में स्कूल की टीम ने यह उपलब्धि हासिल की है। पेनल्टी शूट आउट में सूरजमल स्कूल की टीम ने 3-0 जीत दर्ज की। टीम की जीत पर चेयरमैन प्रोफेसर श्याम सिंह, प्रिंसिपल महेंद्र कटारिया, वाइस प्रिंसिपल मुकेश रानी व कोच प्रदीप ने खुशी जताई। विजेता टीम को बधाई दी। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


बहादुरगढ़। खुशी का इजहार करते विजेता टीम के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के बादली रोड स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में 15 अगस्त को उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। एसडीएम नसीब कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय में हुई बैठक में तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसडीएम नसीब कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है, कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सभी विभाग आपसी समन्वय, निष्ठा और लग्न के साथ कार्य करें। तमाम व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 13 अगस्त को डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल होगी। स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध वीरांगनाओं व अन्य अतिथियों को निमंत्रण व बैठने की उचित व्यवस्था की जाएगी। इसमें किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए।

उन्होंने बताया कि डीसी स्वप्लिन रवींद्र पाटिल के आदेश पर उपमंडल में 7 अगस्त से एक सप्ताह तक विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। शहर में नगर परिषद और ग्रामीण क्षेत्र में पंचायतीराज विभाग नागरिकों की भागीदारी के साथ सफाई करेंगे। बैठक में तहसीलदार सुदेश कुमारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


बहादुरगढ़। समारोह की तैयारियों को लेकर सोमवार को समीक्षा करते एसडीएम।


बहादुरगढ़। लाइनपार में जनसंपर्क करते कामरेड रामकिशन व अन्य।

## कामरेड शिवदास घोष की 49वीं बरसी पर सोनीपत में होगी स्मृति सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सोमवार को कामरेड रामकिशन की अगुवाई में लाइनपार इलाके में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। उन्होंने कामरेड शिवदास घोष की 49वीं बरसी पर 10 अगस्त को सोनीपत में होने जा रही स्मृति सभा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उनके अनुसार देश के हालात बड़े भयावह हैं। बेतहाशा बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, छंटनी, तालाबंदी और निजीकरण की नीति की वजह से आम जनता का जीवन बदहाल है। गरीब-अमीर के बीच खाई बढ़ती जा रही है।

## शिविर में समस्याएं सुनकर किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सोमवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों पर सुनवाई की गई। एसडीएम नसीब कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम नसीब कुमार ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह के सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में शिविर में नागरिक परिवार पहचान पत्र, बिजली निगम, राजस्व विभाग, नगर परिषद आदि से संबंधित शिकायत लेकर नागरिक पहुंचे। उन्होंने समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए समयबद्ध और प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अनिल कुमार व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। समाधान शिविर में जन शिकायतें सुनते एसडीएम नसीब कुमार।


बहादुरगढ़। सराय गांव में हुई बैठक में चर्चा करते संघ पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## तथागत संघ की बैठक में हुई चर्चा

**बहादुरगढ़।** तथागत ज्ञान प्रचार कल्याण संघ की एक बैठक का आयोजन गांव सराय औरंगाबाद गांव में हुई। बैठक में एट्रोसिटी लेकर गहन चिंता जाहिर की गई। एडवोकेट कुलदीप सिंह ने कहा कि समाज में उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ रही हैं। परमजीत महरौलिया ने अत्याचार को निंदनीय बताया। प्रदीप कुमार ने बताया कि बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। इस अवसर पर संदीप टांक, बलवान चोपड़ा, सतबीर पिहाल, ललित चाहलिया, बलजीत, दयाचंद व प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## सफाईकर्मियों की कमी को लेकर दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वार्ड नंबर-31 में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। पार्षद सरीता के भाई सिकंदर ने बताया कि पिछले दो वर्षों से वार्ड में केवल 3 ही सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं। नगर परिषद् अधिकारी बार-बार आश्वासन देकर मामले को टालते आ रहे हैं।

सिकंदर ने बहादुरगढ़ के उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) नसीब कुमार को लिखित शिकायत सौंपते हुए बताया कि वार्ड के सफाई कर्मचारी अन्य जगह लगा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर-31 में सफाई कर्मचारियों की संख्या तुरंत बढ़ाई जाए। चेयरपर्सन और अधिकारियों से कई बार शिकायत के बाद भी कोई हल नहीं निकला।

यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वार्ड निवासियों के साथ नगर परिषद् कार्यालय के बाहर धरना देने की चेतावनी उन्होंने दी। उन्होंने नगर परिषद् के साथ ही पब्लिक हेल्थ विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। इस मौके पर महावीर आनंद, राजेश, रौनक, जतिन, नरेश छिकारा, अंकुर, साहिल और आकाश आदि उपस्थित रहे।


बहादुरगढ़। एसडीएम नसीब कुमार को शिकायत देते पार्षद प्रतिनिधि सिकंदर। फोटो : हरिभूमि

## सीबीएसई जोन टू प्रतियोगिता में जिले के मुक्केबाजों ने जीते आठ पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एक से चार अगस्त तक गुरुग्राम के भौंडसी में चली सीबीएसई जोन टू की प्रतियोगिता में स्थानीय मुक्केबाजों ने पदक जीत कर जिले का नाम रोशन किया है। जिले के मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल आठ पदक अपने नाम किए। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि खिलाड़ी तमन्ना व निशांत ने गोल्ड मेडल, यश व निखिल ने सिल्वर मेडल, शुभम, कार्तिक, मयंक व निखिल ने अपने-अपने आयु व भार वर्ग में खेलते हुए कांस्य पदक हासिल किया। इस उपलब्धि पर कोच हितेश देशवाल ने कहा कि प्रतियोगिता युवा मुक्केबाजों के लिए एक बेहतरीन मंच है। खिलाड़ियों ने अपने अथक परिश्रम व अनुशासन के बल पर यह सफलता हासिल की है। उन्होंने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


झज्जर। जीते गए मेडल के साथ होनहार खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### प्रदूषण नियंत्रण प्रशासन की प्राथमिकता, विभाग भेजे अपनी डिमांड

**झज्जर।** जिले में पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण को प्रभावी बनाने की दिशा में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यावरण मुआवजा फंड को प्रदूषण नियंत्रण उपायों के लिए खर्च करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। डीसी ने बताया कि यह फंड विशेष रूप से प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरणीय सुधार कार्यों के लिए खर्च किया जा सकता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे प्रदूषण नियंत्रण के लिए आवश्यक उपकरण, मशीनरी या व्यवस्थाओं की मांग तैयार कर जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं।

## साइंस ओलंपियाड में विद्यार्थियों ने जीते पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

गुरुग्राम स्थित साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित ओलंपियाड प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोह में आरईडी विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार जीते। प्राचार्या अनिता सिवाच ने बताया कि दसवीं कक्षा की छात्रा दीया गुप्ता ने राष्ट्रीय स्तर पर जोनल रैंक-3 व अंतरराष्ट्रीय रैंक-62 प्राप्त की। उसे ब्रॉन्ज मेडल तथा नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा जैसमिन को उल्लेखनीय प्रस्तुति के लिए जोनल स्तर का एक्सीलेंस सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इनके अलावा विद्यालय के ग्यारह होनहार विद्यार्थियों को गणित और विज्ञान ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन के लिए मेरिट सर्टिफिकेट्स तथा चार विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस देकर सम्मानित किया गया।


झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित ओलंपियाड के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि